# दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग








## उत्तर प्रदेश में मानसिक मंदित एवं मानसिक रुप से रुग्ण निराश्रित दिव्यांगजन हेतु आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों /हाफ वे होम लॉग स्टे होम के संचालन हेतु अनुदान योजना

## उ0प्र0 में मानसिक मंदित एवं मानसिक रुप से रुग्ण निराश्रित दिव्यांगजन हेतु आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन तथा मानसिक चिकित्सालय/आश्रय गृह से उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों के लिए हाफ वे होम/लांग स्टे होम के संचालन हेतु स्वैच्छिक संगठनों को सहायता

विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगजन विशेषतया मानसिक दिव्यांगजन एवं मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एंव ठीक हुए बेघर व्यक्तियों के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील दृष्टिकोण आवश्यक है, क्योंकि निश्चित रूप से मानसिक दिव्यांगजन वर्ग के व्यक्तियों एवं मानसिक बीमारी के व्यक्तियों को पराश्रय एवं दूसरों के सहयोग की अनिवार्य आवश्यकता होती है। इसको दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश के निराश्रित मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण तथा मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित व ठीक हुए बेघर व्यक्तियों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान को सुनिश्चित करने के लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016, धारा 27 (1–2)– तथा माननीय उच्चतम न्यायालय में योजित अवमानना याचिका संख्या–1653 सी/18 श्री गौरव कुमार बंसल बनाम श्री दिनेश कुमार व अन्य में पारित मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 01.09.2021 के अनुपालन में "उत्तर प्रदेश में मानसिक मंदित तथा मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन तथा मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एंव ठीक हुए बेघर व्यक्तियों के लिए हाफ वे होम/लॉग स्टे होम हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान संबंधी योजना संचालित की जा रही है। स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान दिये जाने हेतु शासनादेश दिनांक 02 जून, 2022 द्वारा दिशा–निर्देश निर्गत किया गया है।

**उददेश्य:–**

- ❖ मानसिक दिव्यांगजन जो कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हों यो सड़कों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर विक्षिप्त अवस्था में भटक रहे हों उनके लिये आश्रय, भोजन, वस्त्र, दैनिक दिनचर्या एवं देखभाल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करना।
- ❖ आश्रयहीन मानसिक मन्दित रुग्ण दिव्यांगजन को भावनात्मक एवं सामाजिक सम्बल प्रदान कर उनके विकास के कार्य/परामर्श प्रदान करना।

❖ कौशल विकास प्रशिक्षण, नैत्यिक कार्यों का सम्पादन (एक्टिविटी ऑफ डेली लिविंग) सम्बन्धी प्रशिक्षण के माध्यम से मानसिक मंदित/रुग्ण दिव्यांगजन एवं मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों व्यक्तित्व विकास तथा उन्हें सामाजिक व आर्थिक रुप से पुनर्वासित किया जाना।

❖ परिवार से बिछड़े आश्रयहीन मानसिक रुप से दिव्यांगजन एवं मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों को उनके परिवार से मिलाने का प्रयास किया जाना।

❖ ऐसे परिवार जो अपने मानसिक रुप से दिव्यांग अथवा मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों सदस्य को अपने साथ रख रहे हैं व मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित व्यक्ति जो अपने परिवार के पास चला गया हो उन परिवार के सामान्य सदस्यों को मानसिक दिव्यांगजन /मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एवं ठीक हुए व्यक्ति को भी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान देना।

**सुविधायें:–**

➢ संवासियों के लिये आश्रय, भोजन, वस्त्र, दैनिक दिनचर्या एवं देखभाल जैसी बुनियादी आवश्यकताएं उपलब्ध करायी जाती हैं। संवासियों को लेटने, बैठने, भोजन करने तथा मनोरंजन हेतु आवश्यक संसाधन/सामग्रियां उपलब्ध करायी जाती है।

➢ प्रशिक्षण योग्य संवासियों के लिए यथावश्यक प्रशिक्षण की व्यवस्था आवश्यक उपकरणों सहित किया जाता है। संवासियों को उच्च कोटि की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाती है और इनका स्वास्थ्य परीक्षण किसी योग्य मनोचिकित्सक/फिजिशियन/बाल रोग विशेषज्ञ से प्रतिमाह कराया जाता है।

**नोट–**

➢ वर्तमान में 23 स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से 15 जनपदों में मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र तथा 07 स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से 10 जनपदों में हाफ वे होम/लांग स्टे होम का संचालन किया जा रहा है।

➢ चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में योजना के संचालन हेतु रु0 11.00 करोड़ की धनराशि प्राविधानित है।

# योजनान्तर्गत अनुदानित मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों का विवरण

| क्रम सं0 | जनपद का नाम जहां संस्था संचालित है। | संस्था का नाम व पता |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | रामपुर | असीम समाज सेवा संस्थान, शाहबाद, रामपुर |
| 2 | रामपुर | मिलन ग्रामीण जन कल्याण समिति, ग्राम–गंगा कलां, पो0 अनवरिया, तह0 बिलासपुर, रामपुर। |
| 3 | बरेली | उपासना जन कल्याण समिति, ग्रमा–मधुपुरी, पो0 दिगोई, तहसील–आंवला, जिला–बरेली। |
| 4 | सुलतानपुर | रुरल इन्फारमेशन एण्ड सोशल हारमोनी एकेडमी, ग्राम व पो0 भाई सराय, तहसील–सदर, सुलतानपुर |
| 5 | गोरखपुर | लक्ष्मी सर्व विकलांग सेवा समिति, ग्राम मरकड़ी पो0 पिड़हनी, तहसील–गोला,गोरखपुर। |
| 6 | हापुड़ | अमर जन कल्याण सेवा समिति, ग्राम–महमूदपुर, पो0 देवरनिया, तहसील–बहेड़ी, जिला–बरेली द्वारा जनपद हापुड़ में संचालित |
| 7 | लखनऊ | स्नेह वेलफेयर सोसायटी, 9/79, इन्दिरा नगर, जनपद–लखनऊ। |
| 8 | इटावा | आद्युनिक विद्या मंदिर, एवं जूनियर हाई स्कूल समिति, श्यामनगर, जनपद–इटावा, |
| 9 | बदायूं | प्रभात ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, ग्राम–बहोड़ा खेड़ा, तहसील–आंवला, जिला–बरेली द्वारा जनपद–बदायूं में संचालित। |
| 10 | लखनऊ | पाल मर्सी होम, ब्रहम विद्या मंदिर, 1393 एल्डिको–2 रायबरेली रोड, जनपद–लखनऊ |
| 11 | कासगंज | सृष्टि फाउण्डेशन, मो0 जय जय राम गली–तकिया, जनपद–कासगंज। |

| क्रम सं0 | जनपद का नाम जहां संस्था संचालित है। | संस्था का नाम व पता |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 12 | बरेली | आस्था समाज सेवा संस्था, पता–म0स0 175, मनकारा नगर, निकट बी0डी0ए0 कालोनी, बदायूं रोड जिला–बरेली। |
| 13 | बदायूं | लक्ष्मी नारायण ग्रामोद्योग विकास समिति, मो0 ठकुरान, नई बस्ती, होली चौक, बिसौली जनपद–बदायूं |
| 14 | बरेली | शकुन्तला देवी खादी एंव ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, ग्राम–मधुपुरी, पो0 दिगोई, तहसील–आंवला, जिला बेरेली। |
| 15 | कौशाम्बी | दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्थान, ग्राम व पो0 चलौली, चायल, जनपद–कौशाम्बी। |
| 16 | बिजनौर | प्रेमधाम धर्माथ संस्था, हरिद्वार रोड, साहनपुर, नजीबाबाद, जनपद–बिजनौर। |
| 17 | बदायूं | विकलांग कल्याण सेवा समिति, ग्राम व पो0 वजीरगंज, जनपद–बदायूं। |
| 18 | कन्नौज | लकी हेल्थ डेवलपमेन्ट एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी, गुरसहायगंज, जनपद–कन्नौज। |
| 19 | बदायूं | सर्व हिताय संस्थान मो0 महराजनगर, निकट जल निगम कालोनी, बदांयु। |
| 20 | मुरादाबाद | श्री सोशल वेलफेयर सोसायटी, ग्राम बेरखेडी, फैजाबाद, तह0बिलासपुर, जिला रामपुर |
| 21 | आजमगढ़ | लार्डबुद्धा इण्टरनेशनल पब्लिक ट्रस्ट, ग्राम चमावॉ, पोस्ट–फूलपुर, तहसील–फूलपुर, जनपद आजमगढ़। |
| 22 | आजमगढ़ | कैलाशी महिला विकास समिति, ग्राम–ध्यानीपुर, पो0–लोहरा, तह0 बूढ़नपुर, जिला–आजमगढ़ |
| 23 | फर्रूखाबाद | देवी अहिल्या बाई एजूकेशन फाउडेशन, गढ़िया ढ़िलावल, पोस्ट भोपत पट्टी जनपद–फर्रूखाबाद |

# योजनान्तर्गत अनुदानित हाफ वे होम/लांग स्टे होम का विवरण

| क्रम सं0 | जनपद का नाम जहां संस्था संचालित है। | संस्था का नाम व पता |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | बरेली | यू0पी0 भारतीय ग्रामीण विकास संस्थान, 2/352, सेक्टर–2 जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ |
| 2 | बदॉयू | यू0पी0 भारतीय ग्रामीण विकास संस्थान, 2/352, सेक्टर–2 जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ |
| 3 | गोरखपुर | स्वै0 संस्था फेयरडील ग्रामोद्योग सेवा समिति, ग्राम व पो0, विशुनपुर, बाराबंकी |
| 4 | मुरादाबाद | दीपजन कल्याण समिति, 15 कृष्णायन कालोनी, डेलीपार, बरेली |
| 5 | आगरा | दीपजन कल्याण समिति, 15 कृष्णायन कालोनी, डेलीपार, बरेली |
| 6 | मथुरा | जनहितकारी सेवा समिति, 5/164 बी, दुर्गा मन्दिर के सामने रामनगर, अलीगढ़ |
| 7 | वाराणसी | स्वै0 संस्था पूर्वांचल सोशल डेवलेपमेन्ट सोसाइटी, अग्रवाल कटरा, यूनियन बैंक के सामने, यूसुफ बाजार, मुहम्मदाबाद, गाजीपुर |
| 8 | आजमगढ | स्वै0 संस्था पूर्वांचल सोशल डेवलेपमेन्ट सोसाइटी, अग्रवाल कटरा, यूनियन बैंक के सामने, यूसुफ बाजार, मुहम्मदाबाद, गाजीपुर) |
| 9 | अलीगढ़ | स्वै0 संस्था अशर्फी ग्रामोद्योग संस्थान, ब्लांक कालोनी, छर्रा, अलीगढ़ |
| 10 | प्रयागराज | स्वै0 संस्था आधारशिला सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान, ई–214 रवि खण्ड, प्रथम, बंगला बाजार, लखनऊ |